## सार-समाचार

### जालोर में शांति समिति की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाये रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मंगलवार को को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में आगामी मोहर्रम(ताजिया) एवं गुरू पूर्णिमा को मद्देनजर रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित कर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारा व सौहार्द से मनाने के लिए सदस्यों से सुझाव मांगे। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जालोर जिले में आपसी प्रेम एवं भाईचारा की परंपरा की तरह ही आगामी आने वाले त्योहारों को भी सौहार्दपूर्ण रूप से मनाते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें। जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इन्दौलिया ने जिले में आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों एवं कार्यक्रमों पर जानकारी लेते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के समुचित प्रबंधन किये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान आपसी प्रेम व भाईचारा बनाये रखने के लिए शांति समिति के सदस्य तथा समाज के प्रबुद्धजन त्योहारों में आपसी सहभागिता निभाते हुए आपसी समरसता का संदेश दें। उन्होंने त्योहारों/पर्वों के दौरान रात्रिकालीन गस्त बढाए जाने व मार्केट, गली मोहल्लों में लगे सीसीटीवी चालू रखे जाने की बात कहीं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजेश मेवाड़ा ने शांति समिति के सभी सदस्यों को किसी भी तरह की जानकारी पुलिस व प्रशासन से जुड़े अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही।

### बटुक भैरवनाथ जयंती का पोस्टर जारी

**फलोदी**, (निसं) । जिले के बाप स्थित ऐतिहासिक मेघराज सर तालाब के व्यास घाट पर बटुक भैरवनाथ बाबा की जयंती के उपलक्ष्य में दर्जनों व्यक्तियों की गरिमा पूर्ण उपस्थिति व सीआई रमेश चन्द्र ढाका , विघुत एईएन मांगीलाल विश्नोई व नगरपालिका कार्मिक मनोज गुचिया ,प्रेम गुचिया के निर्देशन में पोस्टर विमोचन किया गया। पुजारी नरेश शर्मा एवं भामाशाह तनसुख खत्री ने बताया कि आयोजन कमेटी द्वारा तैयारियां की जा रही है,पुजारी नरेश शर्मा द्वारा पूर्व की समस्त तैयारियां की गई है। नगरपालिका द्वारा भी सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था में सहयोग दिया जाएगा। सीआई ढाका व एईएन विश्नोई ने इस आयोजन को लेकर विशेष ध्यान देने का कहा गया है तथा जयंती के संबंधित किसी प्रकार का सहयोग हो देने का आश्वाशन दिया । इस दौरान सीआई रमेश चंद्र ढाका , एईएन मांगीलाल विश्नोई ,नगरपालिका कार्मिक मनोज गुचिया, प्रेम गुचिया ,पुष्करणा समाज वरिष्ठ श्रीवल्लभ व्यास ,सेठ तनसुख खत्री, शिक्षा विद ताराचंद पालीवाल , पुष्करणा समाज अध्यक्ष राजेंद्र जोशी , समाज सेवी शिवरतन सेवग , भंवरलाल पालीवाल , विनुभा व्यास , चोरू व्यास, दिलीप शर्मा , रानुलाल थानवी , सत्यनारायण दर्जी , फूलचंद गर्ग सहित कई जने उपस्थित रहे।

### कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जालोर के जिलाध्यक्ष विनय व्यास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को निर्वाचन आयोग द्वारा निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नामांकन निरस्त करने की कार्रवाई अलोकतांत्रिक एवं पक्षपातपूर्ण है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की मांग की। इस दौरान एआईसीसी सदस्य जितेंद्र कसाना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता उम्मेद सिंह चारण, पूर्व नेता प्रतिपक्ष कालूराम मेघवाल, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक थांवला, एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेश राणा, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हिदायत खान मेहर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव अमीन खान मोयला, प्रदेश सचिव एडवोकेट रज्जब खान, पुखराज माली, एडवोकेट पवन दवे, करमवीर बरवा, पुनमाराम सांखला, रविशेखर शर्मा, साहिल हाडा, साकिर हुसैन, प्रवीण कुमार राणा सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रेवदर में 7 चोरी की बाइक बरामद

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 7 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहन रेवदर थाना क्षेत्र के अलावा आबूरोड, सुमेरपुर, उदयपुर तथा गुजरात से चोरी किए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल कुमार गरासिया निवासी पिचरा फली आबूरोड तथा विक्रम गरासिया निवासी माहिखेडा बहादुरपुरा के रूप में हुई। आरोपियों के दो अन्य साथी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। सीआई सीताराम के नेतृत्व में गठित विशेष टीम की सतर्कता और प्रभावी कार्रवाई से महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

### मदन राठौड ने फलोदी में प्रदर्शनी देखी

**फलोदी**, (निसं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौ? मंगलवार को फलोदी दौरे पर रहे जहां उन्होंने नहर परिषद के टाउन हॉल में केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आगामी कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया। डॉ. माधुसिंह देवडा पलीना ने अपने निवास स्थान पलीना हाऊस नन्दपुरी में उनका स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ज्योति जी जाणी, पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण लाल पंचारिया, फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहरलाल पालीवाल सहित कई जने उपस्थित रहे।

# महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दें : गायत्री

- प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग गायत्री राठौड़ ने जोधपुर प्रवास के दौरान डॉ. सम्पूर्णानन्द आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक ली
- चिकित्सा संस्थानों में एसओपी की पालना, सेल्फ ऑडिट एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश

**जोधपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार गायत्री राठौड़ द्वारा मंगलवार को जोधपुर प्रवास के दौरान डॉ. सम्पूर्णानन्द आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में समस्त चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त निदेशक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहरी एवं ठाामीण, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिकारियों सहित अन्य चिकित्सा से जुडे पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

बैठक में गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, हीमोग्लोबिन जांच, स्क्रीनिंग एवं फॉलो-अप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एनीमिया एवं अन्य स्वास्थ्य जोखिमों से प्रभावित महिलाओं की पहचान कर उनकी विशेष मॉनिटरिंग करने तथा आशा सहयोगिनियों, बीसीएमओ एवं आरसीएचओ के माध्यम से प्रभावी ट्रैकिंग एवं समन्वय सुनिश्चित करने करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में सभी चिकित्सा संस्थानों को निर्धारित एसओपी की पालना सुनिश्चित करते हुए सेल्फ ऑडिट जिनमें संस्थानों में उपलब्ध मानव संसाधन, औषधियों, उपकरण, अधोसंरचना, आईसीयू, ओटी एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता बनाए रखने तथा चिन्हित कमियों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चिकित्सा उपकरणों के एएमसी/सीएमसी कार्यों एवं खरीद प्रक्रियाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं वित्तीय नियमों की पालना के साथ संपादित करने के निर्देश दिये गये।

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी अस्पतालों में फायर सेफ्टी उपकरणों, विद्युत प्रणालियों एवं अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों के नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव के निर्देश भी दिए गए।

#### प्रसूताओं के उपचार एवं स्थिति की मॉनिटरिंग जारी

जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन के निर्देशानुसार पावटा जिला अस्पताल में सी-सेक्शन के उपरांत प्रभावित हुई प्रसूताओं के उपचार, स्वास्थ्य स्थिति एवं उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जिला प्रशासन द्वारा निरंतर एवं उच्चस्तरीय मॉनिटरिंग की जा रही है।

प्रशासन का पूरा फोकस सभी मरीजों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराने तथा उनके परिजनों को आवश्यक सहयोग एवं समयबद्ध जानकारी उपलब्ध कराने पर है।

#### अतिरिक्त जिला कलैक्टरों ने निरीक्षण किया

इसी क्रम में मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलैक्टर (शहर-प्रथम) दौलत राम चौधरी ने पावटा जिला अस्पताल तथा अतिरिक्त जिला कलैक्टर (द्वितीय) अंजुम ताहिर सम्मा ने एम्स का दौरा कर भर्ती प्रसूताओं के स्वास्थ्य, उपचार एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर (शहर-प्रथम) दौलत राम चौधरी ने पावटा जिला अस्पताल में भर्ती छह प्रसूताओं से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने परिजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने चिकित्सकों एवं चिकित्सा कार्मिकों के साथ बैठक कर मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति, उपचार प्रोटोकॉल, नियमित जांच एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक मरीज की चौबीसों घंटे सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा उपचार में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। वहीं अतिरिक्त जिला कलैक्टर (द्वितीय) अंजुम ताहिर सम्मा ने एम्स में भर्ती दो प्रसूताओं से मुलाकात कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति एवं उपचार की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने परिजनों से संवाद कर उन्हें आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन एवं एम्स प्रशासन उनके उपचार एवं देखभाल के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मेडिकल बुलेटिन जारी करने के निर्देश दिए, जिससे उपचार एवं स्वास्थ्य स्थिति की अद्यतन जानकारी पारदर्शिता के साथ साझा की जा सके।

# ट्रांसफर की सिफारिश के लिए विधायक भंसाली ने 'डिजायर मंदिर बनवाया

**जोधपुर**, (कासं)। ट्रांसफर की सिफारिश के लिए नेताओं के दरवाजे खटखटाने का चलन पुराना है, लेकिन जोधपुर में शहर विधायक ने इसका नया 'आध्यात्मिक मॉडल' निकाल लिया। विधायक अतुल भंसाली ने बाकायदा 'डिजायर मंदिर' बनवा दिया है, जहां ट्रांसफर की अर्जी सीधे 'भगवान श्रीराम' के चरणों में डाली जाती है। विधायक का कहना है कि 'हम भगवान नहीं, सिर्फ डाकिया हैं।'

विधायक अतुल भंसाली ने बताया कि विधायक बनने के बाद से ही रोजाना 17 से 18 घंटे तक फील्ड और ऑफिस में काम करते हैं। यदि दिनभर डिजायर के लिए ही बैठे रहेंगे तो जनता ने जिन मुद्दों के लिए चुनकर भेजा है, वो काम कैसे हो पाएंगे। इसलिए डिजायर मंदिर बनाया गया है। करीब 10 साल पहले मेरे काका स्वर्गीय कैलाश भंसाली विधायक रहे थे। तब से मैं ये सब देख रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर संगठन के पदाधिकारी ने भी यही कहा कि डिजायर की बीमारी से हमेशा दूर ही रहना। सभी सरकारी कर्मचारियों को जोधपुर में नहीं लगाया जा सकता है।

अतुल भंसाली ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कर्मचारियों के हित में ट्रांसफर से बैन हटाया है। राजस्थान में स्थानीय विधायक की अनुशंसा के आधार पर ही ट्रांसफर किए जाते हैं।

मैं इस परपंरा के खिलाफ हूं। क्योंकि हर किसी के चरित्र का सर्टिफिकेट मैं नहीं दे सकता। 'भगवान' की मर्जी से ही सबका काम होगा।

# फर्जी रजिस्ट्री मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। उदयमंदिर पुलिस ने कूटरचित आम मुख्त्यारनामा तैयार कर फर्जी रजिस्ट्री करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उदयमंदिर थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि 29 अप्रैल को कीर्तिनगर, मगरा पूंजला निवासी राजेन्द्र सिंह माली ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि मेरे ग्राम पूंजला में खसरा नम्बर 221/2 में 3 बीघा 04 बिस्वा पुश्तैनी जमीन आयी हुई थी। मैंने अलग अलग भूखण्ड काटकर बेचे थे, जिसमे में से भूखण्ड संख्या 23 मेरे ही मालिकाना कब्जे में था। मगर भंवरलाल पुत्र चावडाराम मेघवाल निवासी खेतानाडी हाल निम्बा निम्बडी मण्डोर, जगदीश प्रसाद निवासी भदवासिया, जय गहलोत निवासी गुरों का तालाब, सुनिल कुमार विश्नोई निवासी जूनी बागर पावटा सी रोड व कैलाश सैन निवासी गुरों का तालाब ने मिलकर षड्यंत्र रचकर मेरे नाम से भंवरलाल मेघवाल के नाम फर्जी आम मुख्त्यारनामा तैयार कर उसके आधार पर जय गहलोत के नाम रजिस्ट्री करवाकर जेडीए जोधपुर से पट्टा बना कर भूखण्ड पर कब्जा कर लिया। पुलिस आयुक्त शरत कविराज ने शहर में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी रजिस्ट्रियों के बढ़ते अपराध व घटना की गम्भीरता को देखते हुए खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए। थानाधिकारी खोजा ने बताया कि घटना से सम्बंधित साक्ष्यों व दस्तावेजों का संकलन कर सोमवार को अभियुक्त खेतानाडा हाल निंबा निम्बड़ी निवासी भंवरलाल मेघवाल एवं कीर्ति नगर पूंजला निवासी सोहनलाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में पता लगा कि अभियुक्त सोहनलाल के मार्फत 5 लाख रुपये में भंवरलाल के नाम से उक्त भूखण्ड का कूटरचित आम मुख्त्यारनामा बनाकर जय गहलोत के नाम रजिस्ट्री करवाना पाया गया।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित औद्योगिक शेड प्रोजेक्ट "कंस्ट्रक्शन ऑफ इंडस्ट्रियल शेड फॉर मैन्युफैक्चरिंग ऑफ रोटर ब्लेड्स फॉर विंड टरबाइन जनरेटर्स" खसरा नं. 165/317/566, 165/317, 203, 203/568, ग्राम भू, तहसील जैसलमेर, जिला जैसलमेर, राजस्थान जिसका कुल भूखंड क्षेत्र 1,81,797.27 वर्ग मीटर तथा निर्मित क्षेत्र 46,175.16 वर्ग मीटर है पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या RJ/25/SEAC3/INFRA2/EC/0003 दिनांक 27/02/2026 को प्रदान कर दी गई है । सहमति प्रपत्र की प्रति पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के पास उपलब्ध है ।

जोधपुर आरबीयू इंफ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड

# पाली में महेश जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। महेश जयंती के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज द्वारा विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: श्री गजानंदजी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन से हुई । इसके पश्चात नाड़ी मोहल्ला स्थित माहेश्वरी भवन से भव्य शोभायात्रा रवाना हुई, शोभायात्रा नाडी मोहल्ला से रवाना होकर बादशाह का झंडा सराफा बाजार फतेहपुरिया बाजार पानी दरवाजा अठासेन भवन होते हुए महेश वाटिका पहुंचकर समाप्त हुई शोभायात्रा में झांसी की रानी, लव-कुश, लक्ष्मी-नारायण, कृष्ण-अर्जुन रथ, शिव-पार्वती, बाहुबली हनुमान, रामलला एवं राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहा !साथ ही श्री माहेश्वरी युवा संगठन बैंड, कोहिनूर बैंड, पीकेएस बैंड, जगन्नाथ रथ, इलेक्ट्रिक वाहन, महिलाओं की विशेष सहभागिता एवं डीजे साउंड यात्रा की भव्यता को और बढ़ाएंगे। शोभायात्रा के समापन पर शिव वाटिका में महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

समाज अध्यक्ष रवि मोहन भूतड़ा ने बताया कि महेश जयंती का यह आयोजन समाज की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आठाह किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री भुवनेश काबरा, उपाध्यक्ष दिलीप सारड़ा, कोषाध्यक्ष शरद कालाणी, प्रवक्ता महेश सारड़ा, सुशील भट्टड, प्रवीण तोषनीवाल, जगदीश लोहिया, जेठमल चंडक, राधेश्याम बिहानी, शिवप्रकाश झंवर, विपिन माच्छर, महिला मंडल अध्यक्ष आशा भूतड़ा, युवा संगठन अध्यक्ष तरुण तोषनीवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से व्यवस्थाओं में जुटे हुए थे।

**जैसलमेर संवादाता के अनुसार :** माहेश्वरी समाज का उत्पति दिवस महेश नवमी मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया।

सर्वप्रथम सुबह 7 बजे माहेश्वरी बगेची गड़ीसर के नीलकंठ महादेव मंदिर की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। तत्पश्चात सभी भक्तों ने अल्पाहार किया। शोभायात्रा का गड़ीसर बगेची से शुभारंभ हुआ। आगे आगे अश्व पर सवार युवा महेश नवमी का बैनर लिए, बाद में कलश लिए महिलाएं एवं झांकिया शिव पार्वती, रानी लक्ष्मीबाई, जटाधारी शिव, काली कलकते वाली, राधा कृष्ण की चल रही थी।

माहेश्वरी समाज के पुरुष, युवा, महिलाएं, बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा आसानी रोड, गोपा चौक, जिंदाणी चौकी, गोयदानी हट्टा, नाचना हवेली चौक, माली पाड़ा, माहेश्वरी भवन होते हुए मलकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पहुंची। मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा की गई एवं फ्रूटी पिलाई गई तथा आइसक्रीम खिलाई गई।

माहेश्वरी युवक मंडल अध्यक्ष नीरज दलाल ने बताया कि

मलकेश्वर महादेव की पूर्व दिशा में स्व गोरधनदास गोलकिया की पुण्य स्मृति में उनके परिवार जनों ने नंदी द्वार बनवा कर समर्पित किया।

मलकेश्वर मंदिर प्रांगण में शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र के युवा युवतियों को पारितोषिक प्रदान किए गए। महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, हाऊजी गेम हुए। सायं में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लक्की ड्रा हुआ रात्रि में भोजन का आयोजन हुआ।

# बाड़मेर में विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा योजनाओं के बेहतर, प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बायतू विधायक हरीश चौधरी, बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, शिव विधायक विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, उप वन संरक्षक सविता दहिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत सहित समिति सदस्य, पंचायत समिति प्रधानगण एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सांसद ने महात्मा गांधी नरेगा योजना की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर योजना में शामिल करने के निर्देश दिए। 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत किए गए पौधारोपण कार्यों की समीक्षा की गई।




# सूंथडी में आदर्श विद्या मंदिर के भवन का शिलान्यास हुआ

**जालोर/सांचौर**, (कासं) विद्या भारती से संबद्ध कुसुमदेवी-भूरसिंह राव बोरली आदर्श विद्या मंदिर, सूंथडी के नवीन भवन का शिलान्यास समारोह मंगलवार को हुआ। संत कृपाराम महाराज (गुरु कृपा आश्रम, जोधपुर) का सानिध्य ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने अपने उद्बोधन में समाज के अंतिम छोर तक शिक्षा पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया ने इस पहल को क्षेत्र के शैक्षिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि ऐसे संस्थान आने वाली पीढियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भी शिक्षा के इस पुनीत कार्य के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। आयोजन में आदर्श शिक्षण संस्थान, जालोर (मुख्यालय भीनमाल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही मानसिंह, मनरूपसिंह श्रवणसिह राव बोरली करणसिंह सतीश सिंह नरपतसिंह एवं कुसुमदेवी-भूरसिंहजी राव परिवार बोरली द्वारा दिए गए सहयोग की भी सराहना की गई।

जानकी प्रसाद गुप्ता जालौर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी पूर्व सांसद जालौर सिरोही देवजी पटेल आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित चौहटन विधायक आदुराम मेगवाल सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी जालौर जिला संगठन प्रभारी महेंद्र मेघवाल बाडमेर जिलाध्यक्ष अनंतराम बिश्नोई जैसलमेर जिलाध्यक्ष दलपत हिंगडा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा रानीवाडा पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल रेवदर पूर्व विधायक जगसीराम कोली पूर्व प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य खेमराज देसाई पूर्व जिला प्रमुख वने सिंह गोहिल गायक कलाकार प्रकाश माली राणा देवी सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दानाराम चौधरी ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आंबाराम देवासी ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रकाश जांगू भाजपा जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड भाजपा जिला उपाध्यक्ष केहराराम चौधरी सांवलाराम देवासी जिला मंत्री भरत सिंह भोजाणी गीता बारोट जिला प्रवक्ता जिला प्रकोष्ठ संयोजक भूर सिंह देवकी भाजपा वरिष्ठ नेता मंगल सिंह सिराणा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष बाबुलाल मेगवाल अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नसीर खा रामसिंह चारणीम डॉ शीला बिश्नोई मीरा देवासी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह मरटवा भवानी सिंह चौहान गंगदाराम चौधरी, रमेश जाखड शोतान सिंह दांतीया, चंदन सिंह कालमा रमेश आंजणा भवरसिंह राजपुरा प्रवीण दवे, गंगाराम माली पर्वत सिंह भांडु छगनलाल भाटी रूगनाथ सिंह राजपुरोहित उत्तम गर्ग अर्जुन सिंह सरवाण, शंभू सिंह राव, सांवलाराम माली, रामगोपाल बुडिया हंजारीराम पुरोहित ,भावेश सोनी सहित मातृशक्ति एवं लोग उपस्थित रहे।

# जोधपुर के 523 व्यावसायिक भवन मालिकों को नोटिस

- अग्नि सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करवाने का अभियान शुरू

**जोधपुर**, (कासं) । विभिन्न शहरों में हो रही आगजनी की घटनाओं के बाद अब जोधपुर नगर निगम भी हरकत में आ गया है। शहर में संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने अग्नि सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करवाने को लेकर व्यापक अभियान शुरू किया है। अग्निशमन मानकों को पूरा नहीं करने वाले 523 व्यावसायिक भवन मालिकों को नगर निगम की अतिक्रमण शाखा एवं फायर शाखा ने नोटिस जारी किए हैं। जिन भवनों में फायर उपकरण उपलब्ध नहीं पाए गए अथवा अग्निशमन एनओसी नहीं थी, उनके विरुद्ध सीज की कार्रवाई भी की जा रही है।

आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि देश के अलग-अलग जगहों पर आगजनी की ऐसी कई बड़ी घटनाएं सामने आई है, जिनमें सैकड़ों लोगों की असामयिक मृत्यु हुई है। शहर में इस तरह की संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसके तहत निगम ने शहर की विभिन्न स्कूलों, अस्पतालों, होटलों, कोचिंग संस्थानों, गोदामों एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों वाले भवनों का विशेष निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान के दौरान एमबीसी की गाइडलाइन एवं अग्निशमन सुरक्षा मानकों के अनुसार फायर उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन निकासी मार्ग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है। जिन संस्थानों के पास फायर एनओसी उपलब्ध है, उनका भी नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

# तेजाब से जलाने की धमकी

**जोधपुर**, (कासं) । माता का थान क्षेत्र में चार साल पहले दर्ज पॉक्सो प्रकरण में आरोपी अब पीड़िता और उसके परिजन को केस वापिस लेने के लिए धमका रहा है।

उसे कॉल कर तंग परेशान किए जाने के साथ तेजाब से जलाने की धमकी दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता के पिता की तरफ से पुलिस में केस दर्ज कराया गया है। बदमाश द्वारा 11 मई को कॉल करना बताया जाता है।